ADT/2026/5992-94
Dated: 29.04.2025

प्रैस नोट

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार स्थित सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान के सह-निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा के अनुसार, संस्थान मई और जून 2026 के दौरान विभिन्न तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इनमें "मशरूम उत्पादन तकनीक" (3 प्रशिक्षण), "मधुमक्खी पालन" (2 प्रशिक्षण), "वर्मीकंपोस्टिंग/केंचुआ खाद उत्पादन तकनीक" (1 प्रशिक्षण), "संरक्षित खेती/पॉलीहाउस में सब्जी उत्पादन" (1 प्रशिक्षण), "फल एवं सब्जी परिरक्षण" (1 प्रशिक्षण), "बेकरी" (1 प्रशिक्षण) तथा "कटाई एवं सिलाई" (1 प्रशिक्षण) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पाँच दिवसीय "डेयरी फार्मिंग" (1 प्रशिक्षण) का भी आयोजन किया जाएगा।

इन प्रशिक्षणों में प्रदेश के किसी भी वर्ग और आयु के इच्छुक महिला एवं पुरुष भाग ले सकते हैं। सभी प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होंगे। प्रशिक्षण की पूरी अवधि में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वैज्ञानिक जानकारी के साथ-साथ राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया जाएगा, जिससे युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, प्रशिक्षण से संबंधित विश्वविद्यालय की संबन्धित इकाइयों का भ्रमण भी करवाया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी 1 से 6 मई दोपहर 2 बजे तक संस्थान में आवेदन फॉर्म जमा करवा सकते हैं। प्रशिक्षण का समय सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगा। प्रशिक्षण की तिथियों की सूचना बाद में फोन के माध्यम से बता दी जाएगी।

यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर 3, लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर दिया जाएगा। आवेदन फार्म के साथ एक पासपोर्ट साइज फोटो तथा आधार कार्ड की फोटो कॉपी संलग्न करना अनिवार्य है।

<u>नोट: इन प्रशिक्षणों मे किसी भी वर्ग/लिंग/आयु इत्यादि का उम्मीदवार आवेदन कर सकता हैं। उपरोक्त सभी प्रशिक्षणों में किसी प्रकार की सामग्री/सहायता प्रदान करने का प्रावधान नहीं है।</u>

-sd-

दिनाँक : 29.04.2026

डॉ. ए. के. गोदारा
सह: निदेशक (प्रशिक्षण)
एस.एन.आई.ए.टी.टी.ई., हिसार

- अधिक जानकारी हेतु संस्थान के कार्यालय दूरभाष नंबर 01662-284322 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रतिलिपि :

1 विस्तार शिक्षा निदेशक, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

2 मीडिया सलाहकार, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

3 कंप्यूटर अनुभाग, गणित और सांख्यिकी विभाग (सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)

आवेदन करने हेतु फार्म नीचे संलग्न है

सायना नेहवाल कृषि प्राद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार।

प्रशिक्षण हेतु आवेदन फार्म

प्रशिक्षण का नाम जिसमे प्रशिक्षण लेना चाहते हैं ✓करें (केवल एक प्रशिक्षण पर ✓करें वरना फॉर्म रद्द कर दिया जायेगा।

1. फल एवं सब्जी परिरक्षण ☐ 2. संरक्षित खेती/पोली-नेटहाउस मे सब्जियों का उत्पादन ☐ 3. बेकरी ☐

4.कटाई एवं सिलाई (केवल महिलाओं के लिए) ☐ 5 मशरूम उत्पादन तकनीक ☐ 6 मधु-मक्खी पालन ☐ 7 डेयरी फ़ार्मिंग ☐

8 वर्मिकंपोस्टिंग/केंचुआ खाद उत्पादन तकनीक ☐

---

1. प्रार्थी का नाम : ____________________
2. पिता /पति का नाम : ____________________
3. लिंग (स्त्रीलिंग /पुल्लिंग) : ____________________
4. जन्म तिथि व आयु : ____________________
5. जाति : ____________________
6. शैक्षणिक योग्यता : ____________________
7. आधार नंबर : ____________________
8. पूरा पता : ____________________
9. मोबाइल नंबर : ____________________
10. व्यवसाय : ____________________

उम्मीदवार अपनी नवीनतम रंगीन फोटो यहाँ चिपकाएं और स्वयं के हस्ताक्षर करें

12. परिवार के सदस्यों का विवरण :

क्रमांक	नाम	आवेदक के साथ रिश्ता	व्यवसाय	सालाना आय
1.				
2.				
3.				
4.				

11. आप यह प्रशिक्षण क्यों लेना चाहते हो ?:____________________

आवेदक के हस्ताक्षर

उद्घोषणा :

मेरे द्वारा ऊपर दी गई सारी जानकारी सही है।जानकारी गलत पाये जाने पर मेरा आवेदन रद्द किया जा सकता है।

आवेदक के हस्ताक्षर

तिथि : स्थान :

आवश्यक दस्तावेजो की प्रति आवेदन फार्म के साथ संलग्न कर दी है (✓ करें)- कृपया नीचे कर्मांक अनुसार दस्तावेज़ संलग्न करें

1 ☐ आधार कार्ड

2 ☐ आवेदक की पासपोर्ट साइज़ की रंगीन फोटो

केवल कार्यालय हेतु

प्रार्थी को उपरोक्त प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु अनुमति प्रदान की जाती है/ नहीं की जाती है।